<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**18 मई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- स्वीडन के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। कहा–यह सिर्फ उनका नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल के नव नियुक्त और पदोन्नत मंत्रियों को किया विभागों का आवंटन। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बने एमएसएमई विभाग के मंत्री।
- प्रदेश में अनुदेशकों को पांच लाख तक स्वास्थ्य बीमा कवर देगी सरकार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अनुदेशक सम्मान समारोह और चेक वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए अलग–अलग हादसों में ग्यारह लोगों की मौत, पांच घायल।

**********

स्वीडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया। यह किसी भी राष्ट्राध्यक्ष को स्वीडन द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वीडन का सर्वोच्च पुरस्कार मिलना सिर्फ उनका सम्मान नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

**यह स्वीडन के हमारे उन सभी साथियों को भी सम्मान है, जिन्होंने भारत–स्वीडन सम्बन्धों को समृद्ध किया, एक मजबूत आधार दिया।**

स्वीडन में मिला सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक मिला यह 31वां वैश्विक सम्मान है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने मंत्रिमंडल में नव नियुक्त और पदोन्नत मंत्रियों को विभागों का आवंटन कर दिया। नव नियुक्त मंत्रिमंडल मंत्रियों में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम–एमएसएमई विभाग सौंपा गया है। मनोज कुमार पांडेय को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग आवंटित किया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान राज्य मंत्री के तौर पर पदोन्नत किए गए अजीत पाल सिंह को खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के साथ–साथ राजनीतिक पेंशन विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सोमेंद्र तोमर को सैनिक कल्याण और प्रांतीय रक्षा दल विभाग का प्रभार सौंपा गया है। नव नियुक्त चार राज्य मंत्रियों को भी विभाग आवंटित कर दिए गए। कृष्णा पासवान को पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग, सुरेंद्र दिलेर को राजस्व विभाग, हंसराज विश्वकर्मा को लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय और कैलाश राजपूत को ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग सौंपा गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर दौरे के तीसरे दिन वहां के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण–2026 के तहत भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का ऐसा राजनीतिक दल है जो देश की सुरक्षा, संस्कृति, सुशासन और समृद्धि को जोड़ने का काम कर रही है। श्री योगी ने कहा कि केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने राष्ट्र प्रथम की भावना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की संकल्पना के अनुरूप अपने कार्यक्रमों को तैयार किया है। इससे देश के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

**भारतीय जनता पार्टी ने देश के अंदर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के उन सपनों को भी साकार किया है जिन्होंने अंतोदय की बात अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ मिलना चाहिए। देश के अंदर 4 करोड़ गरीबों को एक–एक आवास मिल जाना, 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख की आयुष्मान भारत की सुविधा मिल जाना, 10 करोड़ किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ हो। यह समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को समृद्धि के शिखर तक पहुंचाने के अभियान का क्रम है।**

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान और सांसद रविकिशन शुक्ल सहित कई पार्टी पदाधिकारी और प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अनुदेशक सम्मान समारोह और चेक वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताइस में समग्र शिक्षा अभियान के तहत चौबीस हजार सात सौ सत्रह अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय नौ हजार से बढ़ाकर सत्रह हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मानदेय बढ़ाने के साथ ही राज्य सरकार अनुदेशकों को पांच लाख तक स्वास्थ्य बीमा कवर का लाभ देने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है हर बच्चा शिक्षा हासिल करे ताकि विकसित भारत का संकल्प पूरा हो सके।

**जब साफ नियत से कोई सरकार कार्य करती है, स्पष्ट नीति हो तो परिणाम आने में देर नहीं लगती। प्रदेश के अंदर जो ड्रॉप आउट रेट था लगभग 17–18 के आसपास था और आज हम इसको घटाते–घटाते तीन तक पहुंचाने में सफल हुए हैं और हमारा मानना है इसको जीरो तक पहुंचाना। हर बच्चा पढ़ेगा तब विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार हम कर पाएंगे।**

**********

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और प्रदेश के राज्य मंत्री संजय गंगवार ने कल पीलीभीत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किये। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री प्रसाद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कामों में हमेशा पारदर्शिता रही है और सरकार ने जो कहा उसे करके दिखाया है।

**********

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने कल से सीएनजी की कीमतों में एक रुपये की बढोत्तरी कर दी। अब दिल्ली में एक किलोग्राम सीएनजी की नई दर अस्सी रुपये नौ पैसे, जबकि गाजियाबाद और नोएडा में यह अट्ठासी रुपये सत्तर पैसे हो गई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की इकतीस तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं।

**********

मथुरा सहित समूचे ब्रजमण्डल में एक माह तक चलने वाला पुरूषोत्तम मास मेला कल से शुरू हो गया। एक रिपोर्ट–

**मथुरा समेत समूचे ब्रजमण्डल में एक माह तक चलने वाला 'अधिमास' मेला शुरू हो गया है। चहुंओर चौरासी कोस परिक्रमा का उत्साह और राधे–राधे की गूंज सुनाई दे रही है। आस्था और भक्ति में डूबे लाखों श्रद्धालु मथुरा, वृन्दावन, गोकुल, बरसाना, नंदगाँव और गोवर्धन में 84 कोसी परिक्रमा कर रहे हैं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत ने बताया है कि भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए परिक्रमा मार्ग, गोवर्धन, द्वारकाधीश और श्रीकृष्ण जन्मस्थली समेत प्रमुख मंदिरों को सुपर जोन और सेक्टरों में बांट कर भारी पुलिस बलों की तैनाती की गई है और पूरे क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल हुए तीन अलग–अलग हादसों में ग्यारह लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य घायल हैं। हमीरपुर के मौदहा क्षेत्र के छिरका गांव के पास हाइवे पर खड़े ट्रक और कार की टक्कर में हुई दुर्घटना में चार लोंगों की मौके पर मौत हो गयी और एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। ये सभी बागेश्वर से दर्शन कर घर वापस जा रहे थे। हमारे फतेहपुर प्रतिनिधि ने बताया कि वहां के रिन्द नदी में नहाने गये चार युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि अन्य दो को गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। वहीं, शाहजहांपुर जिले के कांट इलाके में कल सुबह डंपर और आटो की टक्कर में दम्पति सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गये।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में बीस मई से कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। साथ ही विभाग द्वारा कल और बीस मई को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में दिन के समय कुछ स्थानों पर तेज लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील जिलों में विशेष निगरानी रखी जाए। सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री द्वारा अस्पतालों में दवाओं, बेड और डॉक्टरों की उपलब्धता बनाए रखने के साथ एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है।

**********